प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 गुरूवार** **दिनांक 15.05.2025**

**मुख्य समाचारः–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, सरकार नक्सलग्रस्त क्षेत्रों में शांति स्थापित करने और नक्सलियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज नई दिल्ली के एम्स जाकर नक्सल विरोधी अभियान के दौरान घायल जवानों से की मुलाकात।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर जिले के गलगम में जवानों से मुलाकात कर उनके अदम्य साहस को नमन किया।

- बलरामपुर जिले में बारातियों को ले जा रही बस खाई में गिरी–तीन लोगों की मौत।

प्रधानमंत्री–नक्सलवाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार नक्सलग्रस्त क्षेत्रों में शांति स्थापित करने और नक्सलियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़–तेलंगाना सीमा पर सफल नक्सलरोधी अभियान के बाद गृह मंत्री अमित शाह का सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों की सफलता दर्शाती है कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल कहा था कि सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़–तेलंगाना सीमा पर कर्रेगुट्टा पर्वतीय क्षेत्र में एक व्यापक अभियान में इकतीस माओवादियों को मार गिराया। उन्होंने अब तक के इस सबसे बड़े अभियान को अगले वर्ष इकतीस मार्च तक नक्सल मुक्त भारत के संकल्प की दिशा में ऐतिहासिक सफलता बताया। उन्होंने कहा कि सरकार नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

इससे पहले, कल बीजापुर में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सी.आर.पी.एफ. के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम और बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि यह अभियान इक्कीस दिन तक चला।

## घायल जवान–मुलाकात

इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा पर करेगुट्टा पहाड़ियों में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान घायल हुए सुरक्षाकर्मियों

से दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स में मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद थे। श्री शाह ने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर ट्वीट कर जवानों से मुलाकात की जानकारी देते हुए लिखा कि हमारे जवान अपनी वीरता से नक्सलवाद का नामोनिशान मिटा रहे हैं। गौरतलब है कि इस ऑपरेशन में कोबरा बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट सागर गणेश बोराडे, हेड कांस्टेबल मुनेश चंद शर्मा, कांस्टेबल कृष्ण कुमार गुर्जर और कांस्टेबल धनु राम घायल हुए हैं।

## मुख्यमंत्री–बीजापुर

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बीजापुर जिले के गलगम में जवानों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जवानों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जवान चवालीस डिग्री तापमान में भी माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन चला रहे हैं। मैं उनके अदम्य साहस को नमन करता हूं।

इस दौरान बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री को बताया कि गलगम में कैंप स्थापित होने के बाद इस क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है।

## तिरंगा यात्रा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल राजधानी रायपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा की जब भी बात आएगी, हम सभी एक हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में सभी वर्गों के लोग, सेवानिवृत्त सैनिक, समाजसेवी संगठन और बच्चों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर एकजुटता, देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया है।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से आज हम एकजुटता का संदेश दे रहे हैं। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब ऑपरेशन सिंदूर हमारे अभिमान का प्रतीक है।

## मुख्यमंत्री–दंतेवाड़ा

प्रदेश में मनाए जा रहे सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज दंतेवाड़ा जिले के मुलेर गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने राशन दुकान का निरीक्षण कर हितग्राहियों से बातचीत भी की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मुलेर गांव में अंदल कोसम माता मंदिर निर्माण के लिए चार लाख रूपए देने की घोषणा की। साथ ही गांव में उप स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना सहित विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए राशि देने की बात कही। उन्होंने कहा कि गांव में जल्द ही शिविर लगाकर वनाधिकार मान्यता पत्र, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

## बांग्लादेशी महिला–गिरफ्तार

दुर्ग जिले की सुपेला पुलिस ने अपनी पहचान छुपाकर अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि यह कार्रवाई अवैध अप्रवासियों के लिए गठित स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ द्वारा की गई है।

## दुर्घटना

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में आज बारातियों को लेकर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर पहाड़ से पलट गई। इस हादसे में एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, पच्चीस से अधिक लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि बस में सत्तर से अधिक लोग सवार थे, जो झारखंड में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान चांदो थाना क्षेत्र के कंठी घाट के पास बस अनियंत्रित होकर लगभग पचास फीट खाई में जा गिरी। सूचना मिलने पर चांदो पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

वहीं, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में अमरकटक–गौरेला मार्ग पर कल एक पिकअप वाहन के खाई में गिरने से एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं, पंद्रह अन्य लोग घायल हो गए। पिकअप वाहन में सोलह लोग सवार थे।

## आरक्षक हत्या–आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर जिले के लिबरा गांव में बीते बारह मई को हुई एक आरक्षक की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को झारखंड से गिरफ्तार किया है। आरक्षक को कुचलने के लिए उपयोग किए गए दो ट्रैक्टरों को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

रेत परिवहन–बैठक

खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने प्रदेश में रेत के अवैध खनन और परिवहन पर नियंत्रण लगाने के निर्देश दिए हैं। श्री दयानंद ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों और खनिज विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि रेत के अवैध खनन और परिवहन में शामिल संदिग्ध लोगों पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स के माध्यम से निगरानी की जाए।

इस बीच, जांजगीर–चांपा जिले में दहिदा गांव के हसदेव नदी पर खनिज विभाग की टीम ने रेत का अवैध उत्खनन करते दो चेन माउंटेन को जब्त किया है।

रंग संस्कार महोत्सव

संस्कार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा स्वर्गीय अशोक चंद्राकर की स्मृति में कल सोलह मई से तीन दिवसीय रंग संस्कार महोत्सव का आयोजन रायपुर के रंग मंदिर में किया जाएगा। संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित होने जा रहे इस महोत्सव में तीन दिनों तक अलग–अलग नाटकों का मंचन होगा। पहले दिन संत फरिकार के निर्देशन में शहीद वीरनारायण सिंह की लोकगाथा का मंचन किया जाएगा।

प्रसारण सहायक–आवेदन

आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर में प्रसारण सहायक के रूप में कार्य करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। प्रसारण सहायक के लिए आवेदक का स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी है और उसकी आयु एक जुलाई दो हजार चौबीस को न्यूनतम बीस वर्ष और अधिकतम पचास वर्ष होनी चाहिए। आवेदक को हिन्दी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होने के साथ ही कम्प्यूटर टाइपिंग की जानकारी होना आवश्यक है। इच्छुक उम्मीदवार बीस मई की शाम छह बजे तक अपने आवेदन केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी रायपुर के पते पर भेज सकते हैं। रायपुर नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले इच्छुक आवेदक आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। आवेदनों की जांच के बाद पात्र उम्मीदवारों को दूरभाष से सूचित किया जाएगा। पात्र उम्मीदवारों का साक्षात्कार छब्बीस मई को होगा।

## हाईकोर्ट–नया रोस्टर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद नौ जून से नए रोस्टर के अनुसार मामलों की सुनवाई होगी। इस संबंध में रजिस्ट्रार जनरल ने अधिसूचना जारी कर दी है। नए रोस्टर के अनुसार चार डिवीजन बेंच और सोलह सिंगल बेंच में याचिकाओं की सुनवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश बिभु दत्ता गुरु की बेंच जनहित याचिकाओं, अवमानना मामलों, हेबियास कार्पस, क्रिमिनल अपील और बीएनएस के मामलों पर सुनवाई करेगी।

वहीं, न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल और दीपक कुमार तिवारी की बेंच टैक्स मामलों की अपील, अतिरिक्त क्रिमिनल मामले और डिवीजन बेंच के रिट मामलों पर सुनवाई करेगी।

## मौसम

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल प्रदेश में एक–दो स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। वर्षा का मुख्य क्षेत्र दक्षिण छत्तीसगढ रहेगा। इस दौरान गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है।

मौसम विभाग ने उन्नीस मई तक प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना जताई है। इसके बाद तापमान में गिरावट हो सकती है।

इस बीच, महासमुंद जिले के कोल्दा गांव में आज शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>